# बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना

अ.स.प.सं.- वि.प.वि.- 07/2025- 122 (3) / वि.प.। दिनांक- 11.02.2025

**महोदय / महोदया,**

निदेशानुसार सूचित करना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-174 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के माननीय राज्यपाल ने बिहार विधान परिषद् को शुक्रवार, दिनांक 28 फरवरी, 2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न परिषद् वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करने की कृपा की है।

आहूत करने से संबंधित अधिसूचना की एक प्रति सहज निदेश हेतु इसके साथ संलग्न है।

अत: अनुरोध है कि नियत तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने की कृपा करें।

भवदीय

11/02/25

**(अखिलेश कुमार झा)**
सचिव
बिहार विधान परिषद्

सेवा में,

श्री / श्रीमती.........................................

बिहार सरकार
**संसदीय कार्य विभाग**

: : अधिसूचना : :

**संख्या-सं.का.-1/वि.मं.(सत्र)-01-01/2025-** ***109*** **/** **पटना, दिनांक 10.02.2025**

बिहार राज्यपाल का दिनांक 07.02.2025 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की सूचना के लिए इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है :-

**"भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान परिषद् को दिनांक 28 फरवरी, 2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान परिषद् वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ।**

**"आरिफ मोहम्मद खां,**
**राज्यपाल, बिहार।"**

पटना
दिनांक-07.02.2025

ह०/-
(नवीन)
सरकार के अपर सचिव ।

## बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

## : : अधिसूचना : :

पटना, दिनांक – 10.02.2025

संख्या-सं.का.-1/वि.मं.(सत्र)-01-01/2025-*110* / अधिसूचना संख्या-109, दिनांक-10.02.2025 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अधीन अंग्रेजी में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा :-

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह०/-
(नवीन)
सरकार के अपर सचिव ।

## Government of Bihar
## Department of Parliamentary Affairs

## : : NOTIFICATION : :

Patna, dated-10.02.2025

No-P.A.-1/V.M. (Session)-01-01/2025- *109* / The following order of the Governor of Bihar dated the 07-02-2025 is hereby published for general information:-

**"In exercise of the powers under Clause (1) of Article 174 of the Constitution of India, I, Arif Mohammed Khan, Governor of Bihar, hereby summon the Bihar Legislative Council to meet at 11.00 AM on the 28th February, 2025 in the Council Chamber, Patna.**

**"Arif Mohammed Khan**
**Governor of Bihar."**

**Patna**
Dated- 07-02-2025

Sd/-
(Navin)
Additional Secy. to Govt.

# बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना

**पत्रांक – वि.प.वि. -07/2025- 123 / (3) वि.प.।** **दिनांक- 11.02.2025**

प्रेषक :

**अखिलेश कुमार झा**
**सचिव**
**बिहार विधान परिषद्**

सेवा में,

**बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण,**

पटना, दिनांक – 11.02.2025

**विषय :** भारतीय संविधान के अधीन संघटित बिहार विधान परिषद् के 209वें सत्र (माह फरवरी एवं मार्च, 2025) के लिए अस्थायी कार्यक्रम

**महोदय / महोदया,**

दिनांक – 28 फरवरी, 2025 से प्रारम्भ होनेवाली परिषद् की बैठकों में सम्पादित होनेवाले कार्यों को निपटाने के लिए नियत तिथियों के साथ अस्थायी कार्यक्रम संलग्न किया जाता है :

**राजकीय विधेयक** : बुधवार, दिनांक – 26 मार्च, 2025 एवं शुक्रवार, दिनांक – 28 मार्च, 2025 सभा अथवा सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजकीय विधेयक उस श्रेणी के कार्य के लिए नियत तिथि की कार्यावली में उसी क्रम में रखे जाएंगे, जो बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-20 (1) के अधीन सदन नेता के परामर्श से माननीय सभापति निदेशित करेंगे।

**विराजकीय दिन** : केवल दो दिन शुक्रवार, दिनांक 07 मार्च, 2025 एवं वृहस्पतिवार, दिनांक 27 मार्च, 2025 को विराजकीय कार्य निपटाने के लिए नियत किया गया है।

माननीय सभापति, बिहार विधान परिषद् ने दिनांक 07 मार्च, 2025 एवं 27 मार्च, 2025 को विराजकीय संकल्प निपटाने तथा सचिव के कार्यालय वेश्म में शलाका द्वारा प्राथमिकता निर्धारित करने हेतु तिथियां निम्नवत् नियत की है :

| **विराजकीय संकल्प पर विचार करने की तिथि** | **संकल्प प्राप्ति की अंतिम तिथि** | **शलाका की तिथि** |
|---|---|---|
| शुक्रवार, दिनांक - **07 मार्च, 2025** | शुक्रवार, दिनांक **21 फरवरी, 2025 को 5.00 अपराह्न तक** | शुक्रवार, दिनांक **28 फरवरी, 2025 को 5.00 अपराह्न** |
| वृहस्पतिवार, दिनांक - **27 मार्च, 2025** | बुधवार, दिनांक **12 मार्च, 2025 को 5.00 अपराह्न तक** | बुधवार, दिनांक **19 मार्च, 2025 को 5.00 अपराह्न** |

किसी विशेष तिथि की कार्यावली के लिए शलाका में किसी भी सदस्य का एक ही श्रेणी का एक से अधिक प्रस्ताव अथवा संकल्प नहीं समाविष्ट किया जाएगा।

आशा है, आप ऐसे संकल्प की प्रतियां और कार्यसूची सहित अन्य पत्र या प्रतिवेदन, जो परिषद् सचिवालय द्वारा आपको समय-समय पर भेजे जाएं, सत्र में निदेश के लिए साथ लाने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन
11/02/25
(अखिलेश कुमार झा)
सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.- 07/2025– 123 (3) वि.प.। दिनांक- 11.02.2025

**प्रतिलिपि** : माननीय मुख्यमंत्री, बिहार / माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, बिहार / माननीय मंत्रीगण / माननीय मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय / मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में) / माननीय राज्यपाल, बिहार के सचिव / माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवासीय कार्यालय एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म / प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, पटना / लोकायुक्त, बिहार / महाधिवक्ता, बिहार का कार्यालय / बिहार सरकार के सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष / सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव / लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली / पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली / बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना / निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार / अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना / उप सचिव, नेवा सेल / जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं प्रभारी, नेवा सेल, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

11/02/25
(ज्ञान प्रकाश)
उप सचिव
बिहार विधान परिषद्

## बिहार विधान परिषद् के 209वें सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

## फरवरी एवं मार्च, 2025

| | |
|---|---|
| शुक्रवार, दिनांक 28 फरवरी, 2025 | 1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो)<br>2. भारत के संविधान के अनुच्छेद-176(1) के अधीन 11.30 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के एक साथ समवेत बैठक में माननीय राज्यपाल का अभिभाषण<br>3. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का सदन पटल पर रखा जाना (यदि हो)<br>4. आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन<br>5. शोक प्रकाश (यदि हो) |
| शनिवार, दिनांक 01 मार्च, 2025<br>रविवार, दिनांक 02 मार्च, 2025 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 03 मार्च, 2025 | 1. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आय-व्ययक का उपस्थापन<br>2. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद |
| मंगलवार दिनांक 04 मार्च, 2025 | माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर |
| बुधवार, दिनांक 05 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 06 मार्च, 2025 | 1. वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद<br>2. वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवारणी का उपस्थापन |
| शुक्रवार, दिनांक 07 मार्च, 2025 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) |
| शनिवार, दिनांक 08 मार्च, 2025<br>रविवार, दिनांक 09 मार्च, 2025 | बैठक नहीं होगी। |

| | |
|---|---|
| सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद |
| मंगलवार, दिनांक 11 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक |
| बुधवार, दिनांक 12 मार्च, 2025<br>वृहस्पतिवार, दिनांक 13 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद |
| शुक्रवार, दिनांक 14 मार्च, 2025<br>शनिवार, दिनांक 15 मार्च, 2025<br>रविवार, दिनांक 16 मार्च, 2025 | बैठक नहीं होगी (होली) |
| सोमवार, दिनांक 17 मार्च, 2025<br>मंगलवार, दिनांक 18 मार्च, 2025<br>बुधवार, दिनांक 19 मार्च, 2025<br>वृहस्पतिवार, दिनांक 20 मार्च, 2025<br>शुक्रवार, दिनांक 21 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद |
| शनिवार, दिनांक 22 मार्च, 2025<br>रविवार, दिनांक 23 मार्च, 2025 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 24 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद |
| मंगलवार, दिनांक 25 मार्च, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक |
| बुधवार, दिनांक 26 मार्च, 2025 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 27 मार्च, 2025 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) |
| शुक्रवार, दिनांक 28 मार्च, 2025 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य |

**********